# शाब्दिक बुद्धि परीक्षण

## शृंखला

**निर्देश (1-26) निम्नलिखित प्रश्नों में दी गई शृंखला में अगली संख्या/अक्षर कौन-सी/कौन-सा होगा/होगी।? नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनें–**

**1. 4, 5, 9, 14, 23, ........**

(a) 37 (b) 31 (c) 39 (d) 35

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

दी गई शृंखला निम्नवत है–
4, 5, 9, 14, 23,
$4+5=9$ (अगली संख्या)
$9+5=14$ (अगली संख्या)
$9+14=23$ (अगली संख्या)
$\therefore$ अगली संख्या $= 14+23 \Rightarrow 37$

**2. 101, 100..........87, 71, 46**

(a) 92 (b) 88 (c) 89 (d) 96

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(d)**

दी गई शृंखला निम्नवत है–

101, 100, [96], 87, 71, 46

$-(1)^2$ $-(2)^2$ $-(3)^2$ $-(4)^2$ $-(5)^2$

अतः विलुप्त संख्या 96 होगी।

**3. 102, 99, 104, 97, 106, ?**

(a) 94 (b) 95 (c) 96 (d) 100

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(b)**

दी गई शृंखला निम्नवत है–

-2 -2

102, 99, 104, 97, 106, 95

+2 +2

अतः विलुप्त संख्या 95 होगी।

**4. 1331, 2197, 3375, 4913, ?**

(a) 8288 (b) 7110

(c) 6859 (d) 9826

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

दी गई शृंखला निम्नवत है -

1331 2197 3375 4913 [6859]

$(11)^3$ $(13)^3$ $(15)^3$ $(17)^3$ $(19)^3$

अतः शृंखला की अगली संख्या 6859 होगी।

**5. 1, 5, 14, 30, 55, 91, ?**

(a) 121 (b) 136

(c) 142 (d) 140

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

दी गई शृंखला में क्रमशः 2, 3, 4, .......... की वर्ग संख्या जुड़ रही है-

1 5 14 30 55 91 140

$+(2)^2$ $+(3)^2$ $+(4)^2$ $+(5)^2$ $+(6)^2$ $+(7)^2$

अतः $? = 91+(7)^2$

$= 91+49 \Rightarrow 140$

**6.** $\frac{4}{9}, \frac{9}{20}, ?, \frac{39}{86}$

(a) $\frac{17}{40}$ (b) $\frac{19}{42}$ (c) $\frac{20}{45}$ (d) $\frac{29}{153}$

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

दी गई शृंखला में अंश के दुगुने में 1 की वृद्धि तथा हर के दुगुने में 2 की वृद्धि क्रमशः हो रही है

$$\frac{4}{9} \xrightarrow{\times 2+1 \,/\, \times 2+2} \frac{9}{20} \xrightarrow{\times 2+1 \,/\, \times 2+2} \frac{19}{42} \xrightarrow{\times 2+1 \,/\, \times 2+2} \frac{39}{86}$$

अत: $? = \frac{19}{42}$ होगा।

**7. 3, 8, 5, 7, 8, 5, 12, ?**

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 1

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त शृंखला इस प्रकार है–

+2 +3 +4

3, 8, 5, 7, 8, 5, 12 [2]

-1 -2 -3

अत: विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**8. 3, 10, 29, 66, 127,......**

(a) 218 (b) 215
(c) 242 (d) 193

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

दी गई संख्या शृंखला निम्नवत है-

| 3 | 10 | 29 | 66 | 127 | ? |
|---|---|---|---|---|---|
| $(1^3+2)$ | $(2^3+2)$ | $(3^3+2)$ | $(4^3+2)$ | $(5^3+2)$ | $(6^3+2)$ |

$\therefore \quad ? = 6^3+2$

$= 216+2$

$= 218$

**9. 1, 2, 6, 7, 21, 22, 66, 67,?**

(a) 70 (b) 134
(c) 201 (d) 301

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

प्रश्नगत शृंखला निम्न प्रकार है

1, 2, 6, 7, 21, 22, 66, 67, [201]

+1, ×3, +1, ×3, +1, ×3, +1, ×3

अत: ? चिह्न के स्थान पर 201 आएगा।

**10. 6, 12, 20, 30, (—), 56, 72**

(a) 32 (b) 36
(c) 40 (d) 42

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(d)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

| 6 | 12 | 20 | 30 | 42 | 56 | 72 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | +6 | +8 | +10 | +12 | +14 | +16 |

अत: लुप्त संख्या 42 है।

**11. 26, 37, 48, 59, (—)**

(a) 70 (b) 65
(c) 60 (d) 55

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(a)**

दी गई शृंखला निम्नवत् है-

| 26 | 37 | 48 | 59 | 70 |
|---|---|---|---|---|
| | +11 | +11 | +11 | +11 |

अत: रिक्त स्थान पर संख्या 70 होगी।

**12.** $\frac{2}{3}, \frac{7}{9}, \frac{12}{15}, (-), \frac{22}{27}$

(a) $\frac{15}{2}$ (b) $\frac{17}{21}$

(c) $\frac{18}{21}$ (d) $\frac{20}{21}$

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(b)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

$$\frac{2}{3} \xrightarrow[+6]{+5} \frac{7}{9} \xrightarrow[+6]{+5} \frac{12}{15} \xrightarrow[+6]{+5} \frac{17}{21} \xrightarrow[+6]{+5} \frac{22}{27}$$

अत: रिक्त स्थान पर भिन्न $\frac{17}{21}$ होगा।

**13. 15, 10, 35, 12, 60, 15, 90, (__)**

(a) 16 (b) 17

(c) 18 (d) 19

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

+2 +3 +4

15, 10, 35, 12, 60, 15, 90, 19

+20 +25 +30

अत: रिक्त स्थान पर संख्या 19 होगी।

**14. 4, 16, 36, (__), 100, 144**

(a) 52 (b) 58

(c) 64 (d) 68

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

4, 16, 36, 64, 100, 144

↑ ↑ ↑ ↑ ↑ ↑

$(2)^2$ $(4)^2$ $(6)^2$ $(8)^2$ $(10)^2$ $(12)^2$

अत: रिक्त स्थान पर संख्या 64 होगी।

**15. 840, 168, 42, 14, 7, ?**

(a) 1 (b) 9

(c) 7 (d) 12

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(c)**

दी गई शृंखला निम्न है-

840 , 168 , 42 , 14 , 7 , 7

÷5 ÷4 ÷3 ÷2 ÷1

अत: रिक्त स्थान पर संख्या = 7

**16. 1, 3, 11, 47, ................ 1439**

(a) 239 (b) 293

(c) 932 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(a)**

दी गई शृंखला निम्नवत है

1 3 11 47 239 1439

×2+1 ×3+2 ×4+3 ×5+4 ×6+5

अत: रिक्त स्थान पर संख्या 239 होगी।

**17. 0, 24, 120, 360, ?**

(a) 460 (b) 625

(c) 720 (d) 840

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(d)**

दी गई शृंखला निम्न है-

0, 24, 120, 360, 840

↓ ↓ ↓ ↓ ↓

$(1)^2-1$ $(5)^2-1$ $(11)^2-1$ $(19)^2-1$ $(29)^2-1$

+4 +6 +8 +10

∴ ? = 840

**18. 68812 686123 6881234 68612345 68?**

(a) 8 (b) 6

(c) 1 (d) 4

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(a)**

दी गई शृंखला निम्न प्रकार है-

68812 | 686123 | 6881234 | 68612345 | 688123456

उपर्युक्त शृखंला के अवलोकन के पश्चात यह ज्ञात होता है कि ? के स्थान पर 8 आएगा।

**19. 4, 8, 9, 27, 16, 64, .......... 125**

(a) 90 (b) 25

(c) 35 (d) 20

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(b)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

$(2)^2$ $(2)^3$ $(3)^2$ $(3)^3$ $(4)^2$ $(4)^3$ $(5)^2$ $(5)^3$

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

4 8 9 27 16 64 25 125

अत: लुप्त संख्या $(5)^2 = 25$ है।

**20. BY, CX, DW, EV, ?**

(a) FU (b) GT

(c) FV (d) FX

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(a)

दी गई अक्षर शृंखला निम्नवत् है-

−1 −1 −1 −1

BY, CX, DW, EV, FU

+1 +1 +1 +1

अत: अगला अक्षर FU होगा।

**21. CDA, GHE, KLI, ?, STQ**

(a) OMP (b) OPM

(c) MPO (d) MOP

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(b)

+4 +4 +4 +4 +4 +4

C D A, G H E, K L I, O P M, S T Q

+4 +4 +4 +4 +4 +4

अत: ? = OPM होगा।

**22. A10, C13, D15, F16, ?, I21**

(a) G19 (b) H19

(c) H20 (d) G20

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(a)

+3 +2 +1 +3 +2

A10, C13, D15, F16, G19, I21

+2 +1 +2 +1 +2

अत: ? = G 19 होगा।

**23. 2A, 3E, 5I, ?, 11U**

(a) 7O (b) 7E

(c) 7U (d) 7A

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(a)

दी गई शृंखला में एक अभाज्य संख्या तथा एक स्वर क्रम से (युग्म बनाकर) व्यवस्थित हैं-

2A, 3E, 5I, 7O, 11U

अत: रिक्त स्थान पर 7O होगा।

**24. J1K, L3M, N5O, P7Q, R9S, ?**

(a) T11V (b) T11U

(c) T10V (d) T10U

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(b)

+2 +2 +2 +2 +2

J 1 K, L 3 M, N 5 O, P 7 Q, R 9 S, T 11 U

+1 +1 +1 +1 +1 +1 +1 +1 +1 +1 +1

अत: ? = T 11 U होगा।

**25. A 12, E 48, I 46, O 184, ?**

(a) U182 (b) U183

(c) U181 (d) U180

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(a)

×4 −2 ×4 −2

A 12, E 48, I 46 O 184 U 182

दी गई संख्या शृंखला में क्रमश: 4 गुना फिर 2 घटाया गया है तथा अक्षर शृंखला स्वरों के बढ़ते क्रम में हैं।

अत: ? = U 182 होगा।

**26. C 81 E 64 ? 49 I ? K**

(a) G, 36 (b) F, 36

(c) G, 32 (d) H, 24

UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा, 2016

उत्तर—(a)

दी गई शृंखला निम्नवत है-

| $9^2$ | | $8^2$ | | $7^2$ | | $6^2$ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↑ | | ↑ | | ↑ | | ↑ | |
| C 81 | E | 64 | (G) | 49 | I | (36) | K |

C → E: +2, E → (G): +2, (G) → I: +2, I → K: +2

अत; लुप्त अक्षर G एवं संख्या 36 है।

**27. AZ, CX, FU, ............ शृंखला में अगला जोड़ा कौन-सा है?**

(a) JQ (b) KP
(c) IR (d) IV

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(a)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

AZ → CX → FU → JQ

पहला अक्षर: +2, +3, +4
दूसरा अक्षर: -2, -3, -4

अत: शृंखला का अगला जोड़ा JQ होगा।

**28. नीचे अक्षरों की एक शृखंला दी गई है, जो कुछ निश्चित क्रम में है। इस क्रम का निर्धारण कीजिए और विकल्पों में से शृंखला के अगले दो अक्षरों का चयन कीजिए?**

**ZAXDVGTJRMP**

(a) PR (b) PS
(c) PN (d) NS

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

दिया गया क्रम निम्नवत है

Z A X D V G T J R M P [P N]

A → D → G → J → M → P: +3, +3, +3, +3, +3
Z → X → V → T → R → P → N: −2, −2, −2, −2, −2, −2

अत: शृंखला के अगले दो अक्षर PN हैं।

**निर्देश- (प्रश्न संख्या 29 से 42 तक) दी गई शृंखला में एक संख्या/अक्षर गलत है। उस गलत संख्या/अक्षर का पता लगाओ-**

**29. 3, 13, 31, 58, 91, 111**

(a) 111 (b) 58
(c) 31 (d) 91

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

| 3 | 13 | 31 | [58] | 91 | 111 |
|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| $2^2-(2-1)$ | $4^2-(4-1)$ | $6^2-(6-1)$ | $8^2-(8-1)$ | $10^2-(10-1)$ | $11^2-(11-1)$ |

$\therefore$ 58 के स्थान पर संख्या $= 8^2 - (8-1)$

$= 64 - 7 = 57$

**30. 3, 7, 17, 41, 85, 179**

(a) 17 (b) 85
(c) 179 (d) 41

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(d)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

3 → 7 → 17 → [41] → 85 → 179

$\times2+1$, $\times2+3$, $\times2+5$, $\times2+7$, $\times2+9$

अत: दी गई शृंखला में संख्या 41 गलत है इसके स्थान पर संख्या $17\times2+5=39$ होगी।

**31. 17, 19, 23, 29, 33, 37, 41**

(a) 17 (b) 33
(c) 23 (d) 41

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

दी गई शृंखला में संख्या 33 गलत है क्योंकि दी गई शृंखला में क्रमश: अभाज्य संख्याओं का क्रम है। अत: शृंखला में संख्या 33 के स्थान पर संख्या 29 के बाद की अभाज्य संख्या 31 होगी।

**32. 140, 121, 100, 81, 64**

(a) 140 (b) 121
(c) 100 (d) 81

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

| [140] | 121 | 100 | 81 | 64 |
|---|---|---|---|---|
| ↑ | ↑ | ↑ | ↑ | ↑ |
| $(12)^2$ | $(11)^2$ | $(10)^2$ | $(9)^2$ | $(8)^2$ |

श्रृंखला को उल्टे क्रम में देखने पर क्रमशः संख्या में 1 जोड़कर वर्ग किया जा रहा है। इस प्रकार दी गई श्रृंखला में संख्या 140 के स्थान पर संख्या 144 होनी चाहिए। अतः 140 गलत संख्या है।

**33. 12, 16, 25, 41, 66, 104**

(a) 16 (b) 66

(c) 104 (d) 12

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(c)

दी गई श्रृंखला निम्नवत है-

12 16 25 41 66 [102]

$+(2)^2$ $+(3)^2$ $+(4)^2$ $+(5)^2$ $+(6)^2$

अतः दी गई श्रृंखला में संख्या 104 के स्थान पर संख्या 102 होनी चाहिए। अतः विकल्प (c) सही है।

**34. 256, 245, 223, 190, 146, 90**

(a) 90 (b) 146

(c) 190 (d) 223

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(a)

दी गई श्रृंखला निम्नवत् है-

256 245 223 190 146 91

−11 −22 −33 −44 −55

अतः संख्या 90 गलत है। इसके स्थान पर संख्या 91 होनी चाहिए।

**35. Z5, X10, V29, T36, R69**

(a) V29 (b) T36

(c) R69 (d) Z5

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(a)

दी गई श्रृंखला निम्नवत् है-

+4 +8 +16

+5 +9 +17 +33

Z 5 X 10 [V 19] T 36 R 69

-2 -2 -2 -2

अतः दी गई श्रृंखला में V29 गलत है। इसके स्थान पर V19 होना चाहिए।

**36. UA, OC, IE, EJ, AO**

(a) UA (b) OC

(c) IE (d) EJ

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

उत्तर—(c)

दी गई श्रृंखला में अक्षर युग्म में पहले अक्षर में क्रमशः स्वर (A, E, I, O, U) का घटते क्रम में तथा दूसरे अक्षर में क्रमशः 2, 3, 4 एवं 5 की वृद्धि हो रही है।

इस प्रकार

स्वर (घटते क्रम में)

U A O C [I F] E J A O

+2 +3 +4 +5

अतः दी गई श्रृंखला में IE अक्षर युग्म गलत है। इसके स्थान पर IF होगा।

**37. 7.5, 57, 295, 1088, 3570, 7144**

(a) 57 (b) 295

(c) 1088 (d) 3570

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

उत्तर—(c)

श्रृंखला निम्नवत है -

$7.5 \times 6 + 12 = 57$

$57 \times 5 + 10 = 295$

$295 \times 4 + 8 = 1188$

$1188 \times 3 + 6 = 3570$

$3570 \times 2 + 4 = 7144$

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (c) में दी गई संख्या 1088 गलत संख्या है।

**38. 36, 54, 18, 27, 22.5, 13.5, 4.5**

(a) 13.5 (b) 18

(c) 22.5 (d) 27

UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016

उत्तर—(c)

दी गई शृंखला निम्नवत है

×2 ×2 ×2

36, 54 18, 27 [9] 13.5, 4.5

×2 ×2

∴ 22.5 के स्थान पर 9 होगा। अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।

**39. 54, 43, 34, 26, 22, 19, 18**

(a) 18 (b) 26

(c) 34 (d) 43

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

दी गई शृंखला में दाहिनी तरफ से विषम संख्याएं (1, 3, 5, 7, 9, 11) क्रम से जुड़ रही हैं।

दी गई संख्या 54, 43, 34, [26] 22, 19, 18

54 $\xleftarrow{+11}$ 43 $\xleftarrow{+9}$ 34 $\xleftarrow{+7}$ [27] $\xleftarrow{+5}$ 22 $\xleftarrow{+3}$ 19 $\xleftarrow{+1}$ 18

अत: अंक 26 के स्थान पर 27 होगा।

**40. 380, 188, 92, 48, 20, 8, 2**

(a) 188 (b) 92

(c) 48 (d) 8

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

दी गई शृंखला निम्नवत है-

380 → 188 → 92 → [44] → 20 → 8 → 2

÷2–2 ÷2–2 ÷2–2 ÷2–2 ÷2–2 ÷2–2

इस प्रकार शृंखला में संख्या 48 के स्थान पर 44 होगा। अत: दी गई संख्या शृंखला में संख्या 48 गलत है।

**41. 644, 328, 164, 84, 44, 24, 14**

(a) 328 (b) 164

(c) 84 (d) 44

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

दी गई शृंखला निम्नवत है–

644, [324], 164, 84, 44, 24, 14

÷2+2 ÷2+2 ÷2+2 ÷2+2 ÷2+2 ÷2+2

अत: शृंखला में दी गई संख्या 328 गलत है। इसके स्थान पर संख्या 324 होगी।

**42. 104, 117, 130, 145, 156, 169**

(a) 117 (b) 145

(c) 156 (d) 169

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

दी गई शृंखला इस प्रकार है–

104, 117, 130, [143], 156, 169

+13 +13 +13 +13 +13

स्पष्ट है कि संख्या 145 के स्थान पर संख्या 143 होगी।

अत: विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

**निर्देश - (प्रश्न संख्या 43 से 45 तक) निम्न शृंखला की विलुप्त कड़ी का पता लगाएं–**

**43. ABZY, CDXW, EFVU, ?**


(a) MALB (b) KCJD

(c) IHGF (d) GHTS

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

दी गई शृंखला निम्नवत है–




अत: ? = GHTS

**44. ZAB, YCD, XEF, ?**


(a) WGH (b) IUV

(c) JST (d) KQR

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

दी गई शृंखला निम्नवत है–




अत: ? = WGH

**45. CEHL, DFIM, EGJN, ?**


(a) KLPO (b) IJRQ

(c) FHKO (d) LMON

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

दी गई शृंखला निम्नवत है–




अत: ? = FHKO

**46. शृंखला में छूटे हुए अक्षर कौन-कौन से हैं?**

**bcd_b_dabc_a_cda**

(a) a, c, d, b

(b) b, a, c, d

(c) c, b, d, a

(d) d, a, c, b

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

दी गई शृंखला bcda की है

bcd<u>a</u> b<u>c</u>da bc<u>d</u>a <u>b</u>cda

अत: विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**47. निम्नलिखित क्रम को पूरा करने के लिए सही अक्षर समूह को चुनें-**

**– bb – c – bg – b – g**

(a) cbgbc (b) cgbcb

(c) cgbcc (d) gbcbb

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(b)**

दी गई अक्षर समूह cbbg का है, देखें

∴ <u>c</u> bb g / c <u>b</u> bg / <u>c</u> b <u>b</u> g

अत: रिक्त स्थान पर cgbcb होगा।

**48. नीचे दी गई शृंखला में दो खाली जगह हैं। दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर शृंखला को पूरा कीजिए।**

**13576, 17365, 75361, 63517,....,......**

(a) 13576, 73381

(b) 75381, 57632

(c) 16537, 35482

(d) 56713, 16537

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

दी गई शृंखला में प्रत्येक पद में (1, 3, 5, 7, 6) के अलावा किसी भी संख्या का प्रयोग नहीं किया गया है। अत: अन्य दो पद भी 1, 3, 5, 7, 6 अंकों से बनी संख्या होगी। अत: विकल्प (d) उपयुक्त उत्तर होगा।

**49. नीचे दी गई संख्या समुच्चय के समरूप कौन-सी संख्या है, इसे दिए गए विकल्पों में से ज्ञात करें।**

**538, 725, 813, ?**

(a) 219 (b) 328

(c) 455 (d) 640

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

दिया गया संख्या समुच्चय निम्न आधार पर बना है

(पहला अंक + तीसरा अंक) – दूसरा अंक = 10

538 $\Rightarrow 5+8-3=10$

725 $\Rightarrow 7+5-2=10$

813 $\Rightarrow 8+3-1=10$

219 $\Rightarrow 2+9-1=10$

# सादृश्यता

**निर्देश : (प्रश्न 1 से 12 तक) दी गई समरूपता के आधार पर दिए गए विकल्पों में से नहीं दिया गया शब्द/संख्या/अक्षर या शब्द-युग्म/संख्या-युग्म/अक्षर-युग्म ज्ञात करें।**

**1. लोमड़ी : चालाक : खरगोश : ?**

(a) क्रूर (b) साहसी

(c) खतरनाक (d) डरपोक

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

जिस प्रकार लोमड़ी चालाक होती है ठीक उसी प्रकार खरगोश डरपोक होता है।

**2. वृत्त : परिधि :: वर्ग : ?**

(a) आयतन (b) क्षेत्रफल

(c) विकर्ण (d) परिमिति

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

जिस प्रकार वृत्त की परिधि वृत्त की बाहरी लंबाई होती है, उसी प्रकार वर्ग की परिमिति वर्ग की बाहरी लंबाई होती है।

**3. दूध : कैल्सियम : : दाल : ?**

(a) कार्बोहाइड्रेट (b) प्रोटीन

(c) वसा (d) लौह

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(b)**

जिस प्रकार दूध में कैल्सियम पाया जाता है उसी प्रकार दाल में प्रोटीन पाया जाता है।

**4. दोषी : भूतकाल : : आशा : ?**

(a) भविष्यकाल (b) दु:ख

(c) वर्तमानकाल (d) निराशा

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

जिस प्रकार मनुष्य भूतकाल में किए गए किसी नकारात्मक कार्य का दोषी होता है, उसी प्रकार उसके द्वारा किए गए किसी सकारात्मक कार्य की भविष्यकाल में आशा होती है। अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।


**5. दक्षिण : उत्तर-पश्चिम : : पश्चिम : ?**

(a) उत्तर (b) उत्तर-पूर्व

(c) पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**




जिस प्रकार दक्षिण दिशा के दक्षिणावर्त (clock wise), $135^0$ उत्तर-पश्चिम है। उसी प्रकार पश्चिम दिशा के दक्षिणावर्त (clock wise) $135^0$ उत्तर-पूर्व होगा।

**6. चिकित्सक : रोगी : : राजनीतिज्ञ : ?**

(a) नेता (b) पद

(c) चुनाव (d) मतदाता

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

जिस प्रकार चिकित्सक, पर रोगी के कष्टों को दूर करने की जिम्मेदारी होती है। उसी प्रकार राजनीतिज्ञ पर मतदाता (Voters) की समस्याओं के निवारण की जिम्मेदारी होती है।

**7. AZCX : BYDW : : HQJO : ?**


(a) GRJP (b) GRFP

(c) IPKM (d) IPKN

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

जिस प्रकार



उसी प्रकार

−1, −1

H Q J O : I P K N

+1, +1

∴ ? = IPKN

**8. BACE : ONPR : : JIKM : ?**

(a) XYWZ (b) UZYW

(c) WVXZ (d) WVZY

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार

B A C E : O N P R

+13, +13, +13, +13

उसी प्रकार

J I K M : W V X Z

+13, +13, +13, +13

∴ ? = WVXZ

**9. 122 : 170 : : 290 : ?**

(a) 316 (b) 344

(c) 360 (d) 362

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार

$122 : 170 \Rightarrow (11^2+1) = 122$

तथा $(11+2)^2+1 = 170$

उसी प्रकार

$290 : ? \Rightarrow (17^2+1) = 290$

तथा $(17+2)^2+1 = ?$

$\Rightarrow ? = 19^2+1$

$= 361+1$

$= 362$

$\therefore ? = 362$

**10. 27 : 125 : : 64 : ?**

(a) 517 (b) 162

(c) 216 (d) 273

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

जिस प्रकार उसी प्रकार

27 : 125  64 : 216

$(3)^3$ : $(5)^3$  $(4)^3$ : $(6)^3$

+2  +2

अतः ? चिह्न के स्थान पर $(6)^3 = 216$ आएगा।

**11. 24 : 126 : : 48 : ?**

(a) 344 (b) 433

(c) 192 (d) 240

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(a)**

24 : 126 : : 48 : 344

$5^2-1$  $5^3+1$  $7^2-1$  $7^3+1$

जिस प्रकार $5^2-1 = 24$ तथा $5^3+1 = 126$

उसी प्रकार $7^2-1 = 48$ है तथा $7^3+1 = ?$

$\therefore ? = 343+1 = 344$

**12. 11529 : 72135 : : 23687 : ?**

(a) 36999 (b) 47261

(c) 12968 (d) 69981

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

चिह्न (: :) के बाईं ओर की संख्याओं को आपस में योग करने पर दोनों का योगफल बराबर आता है। अतः दाईं वाली संख्याओं का योग भी आपस में बराबर होना चाहिए-

11529 : 72135

$(1+1+5+2+9) : (7+2+1+3+5) = 18 : 18$

अब दाईं ओर की संख्या

$23687 : ? = (2+3+6+8+7) : ? = 26 : ?$

अतः दूसरी संख्या का योग भी 26 होना चाहिए जिसकी पूर्ति विकल्प (c) में दिए गए अंकों से होती है।

**13. 8 संबंधित है 128 से। उसी तरह 6 संबंधित है ..... से।**

(a) 43 (b) 72

(c) 44 (d) 84

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार  उसी प्रकार

8 → 128  6 → 72

×8×2  ×6×2

या जिस प्रकार संख्या 8 का वर्ग करके 2 से गुणा करने पर प्राप्त संख्या 128 है उसी प्रकार संख्या 6 का वर्ग करके अर्थात संख्या 36 में 2 से गुणा करने पर प्राप्त संख्या 36 × 2 = 72 होगी।

# वर्गीकरण

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 1 से 16 तक) निम्न प्रश्नों में दिए गए चार विकल्पों में से तीन विकल्प तार्किक रूप से संबंधित हैं। उस शब्द को चुनिए जो अलग है -**

**1.** (a) 91 (b) 215
(c) 143 (d) 247

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

दी गई संख्याओं में से विकल्प (b) की संख्या 215 भिन्न है क्योंकि अन्य सभी संख्याएं 13 से विभाजित होती है जबकि 215 नहीं।

**2.** (i) 4 : 63 (b) 1 : 0
(iii) 5 : 124 (d) 3 : 26
(v) 2 : 15
(a) i (b) iii
(c) v (d) iv

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

(i) $4:63 \rightarrow 4:(4^3-1)$
(ii) $1:0 \rightarrow 1:(1^3-1)$
(iii) $5:124 \rightarrow 5:(5^3-1)$
(iv) $3:26 \rightarrow 3:(3^3-1)$
(v) $2:15 \rightarrow 2:(2^3-1 \neq 15)$ अतः यह असंगत युग्म है।

**3.** (a) 32 : 15 (b) 56 : 27
(c) 74 : 38 (d) 86 : 42

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

संख्या युग्म का संबंध निम्न प्रकार है-

$15\times2+2=32$

$27\times2+2=56$

तथा $42\times2+2=86$

जबकि विकल्प (c) में

$38\times2-2=74$


अतः विकल्प (c) अन्य तीनों से भिन्न है।

**4.** (a) DAEH (b) KIMP
(c) HEIL (d) FCGJ


**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(b)**


विकल्प (a) से





विकल्प (b) से




विकल्प (c) से




विकल्प (d) से




अतः विकल्प (b) अन्य तीनों से भिन्न है।

**5.** (a) सम्पत्तिः देनदारियाँ (b) फायदाः लाभ
(c) नामेः श्रेय (d) आमदनीः व्यय

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

सम्पति-देनदारियाँ, नामे-श्रेय तथा आमदनी-व्यय एक दूसरे के विपरीत शब्द है जबकि फायदा एवं लाभ समानार्थी शब्द है। अतः विकल्प (b) अन्य तीनों से भिन्न है।

**6.** (a) स्वीकार करना (b) ग्रहण करना
(c) प्राप्त करना (d) आदान-प्रदान करना

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-II (सा. च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

स्वीकार करना, ग्रहण करना एवं प्राप्त करना एक-दूसरे के पर्याय हैं जबकि आदान-प्रदान में लेना व देना दोनों ही होता है। अतः विकल्प (d) अन्य तीनों से भिन्न है।

**7.** (a) गिटार (b) सारंगी
(c) बाँसुरी (d) वीणा

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

गिटार, सारंगी तथा वीणा तार से बने होते हैं जबकि बाँसुरी में तार नहीं होते हैं। इसके अतिरिक्त बांसुरी फूंक मारकर बजाया जाने वाला वाद्य यंत्र है जबकि अन्य में ऐसा नहीं है।

8. (a) नई दिल्ली (b) इलाहाबाद
(c) पुणे (d) वाराणसी

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

**उत्तर–(a)**

नई दिल्ली भारत की राजधानी है जबकि इलाहाबाद, पुणे एवं वाराणसी भारत के नगरों के नाम हैं लेकिन ये राजधानी नगर नहीं है।
अतः विकल्प (a) अन्य तीनों से भिन्न है।

9. (a) बाघ (b) शेर
(c) गाय (d) लोमड़ी

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

**उत्तर–(c)**

बाघ, शेर एवं लोमड़ी मांसाहारी जानवर हैं जबकि गाय एक शाकाहारी जानवर है। अतः गाय अन्य तीनों से भिन्न है।

10. (a) गंगा (b) यमुना
(c) कावेरी (d) हिमालय

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

**उत्तर–(d)**

गंगा, यमुना एवं कावेरी भारत की प्रमुख नदियां हैं जबकि हिमालय एक पर्वत है।

11. (a) पूर्व (b) आसमान
(c) पश्चिम (d) दक्षिण

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

**उत्तर–(b)**

पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण दिशा का बोध कराते हैं जबकि आसमान इनसे भिन्न है।

12. (a) टेनिस (b) क्रिकेट
(c) गेंद (d) फुटबॉल

UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015

**उत्तर–(c)**

टेनिस, क्रिकेट एवं फुटबॉल खेलों के नाम हैं जबकि गेंद की सहायता से ये सभी खेल खेले जाते हैं। अतः विकल्प (c) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

13. (a) गाय (b) चीता
(c) घोड़ी (d) शूकरी

सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016

**उत्तर–(b)**

गाय, घोड़ी एवं शूकरी स्त्रीलिंग जानवर हैं जबकि चीता पुल्लिंग जानवर है। अतः विकल्प (b) अन्य तीनों से भिन्न है।

14. (a) मार्च (b) अप्रैल
(c) अगस्त (d) दिसंबर

UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016

**उत्तर–(b)**

मार्च, अगस्त एवं दिसंबर माह 31 दिन का होता है जबकि अप्रैल माह 30 दिन का होता है। अतः विकल्प (b) अन्य तीनों से भिन्न है।

15. (a) आचार्य कृपलानी (b) डॉ. राधाकृष्णन
(c) सी.वी. रमन (d) राजगोपालाचारी

UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016

**उत्तर–(*)**

दिए गए विकल्पों के कई तार्किक उत्तर हैं-
(1) आचार्य कृपलानी, डॉ. राधाकृष्णन, सी.वी.रमन का जन्म 1888 में हुआ था जबकि राजगोपालाचारी का जन्म 1878 में हुआ था। अतः उत्तर (d) होनी चाहिए।
(2) डॉ. राधाकृष्णन, सी.वी.रमन, राजगोपालाचारी का जन्म मद्रास प्रेसीडेंसी में हुआ था जबकि आचार्य कृपलानी का जन्म हैदराबाद (सिन्ध) पाकिस्तान में हुआ था। अतः विकल्प (a) सही होना चाहिए।
(3) तीनों के अलावा सिर्फ सी.वी.रमन को वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया। अतः विकल्प (c) सही होना चाहिए।
(4) चारों विकल्पों में सिर्फ डॉ. राधाकृष्णन ही भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों पदों पर आसीन हुए थे। अतः विकल्प (b) सही होना चाहिए।
(5) भारत का पहला भारत रत्न (1954) में संयुक्त रूप से सी.राजगोपालाचारी, सर्वपल्ली राधाकृष्णन और सी.वी.रमन को दिया गया। अतः विकल्प (a) सही होना चाहिए।

16. (a) पाली (b) शर्की
(c) पाब्लो (d) नोर्टे

UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-III(सामान्य चयन) परीक्षा,2016

**उत्तर–(c)**

पाली, शर्की तथा नोर्टे पवनों के नाम हैं जबकि पाब्लो कोई पवन नहीं है। अतः विकल्प (c) समूह का हिस्सा नहीं है।

# क्रम-व्यवस्था

1. P, Q, R, S और T की अलग-अलग लंबाइयां हैं। R, T से लंबा है, परंतु P से छोटा है। S, Q से लंबा है, परंतु T से छोटा है। इनमें से कौन सबसे लंबा है?

(a) S (b) T

(c) P (d) R

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

प्रश्नानुसार

P>R>T तथा T>S>Q

अर्थात

P>R>T>S>Q

उपर्युक्त से स्पष्ट है कि P सबसे लंबा होगा।

2. छह व्यक्तियों L, M, N, P, Q और R में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। N, Q और P से लंबा है परंतु M से छोटा है। P सिर्फ Q से लंबा है जबकि R सिर्फ L से छोटा है। निम्न में से कौन-सा युग्म सबसे लंबे और सबसे छोटे को प्रदर्शित करता है?

(a) M तथा P (b) P तथा Q

(c) M तथा L (d) L तथा Q

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

प्रश्नानुसार

विभिन्न लंबाइयों के छ: व्यक्ति को क्रम से व्यवस्थित करने पर

P और Q<N ..............(i)

N<M ..............(ii)

Q<P ..............(iii)

अर्थात Q सबसे छोटा है

R सिर्फ L से छोटा है

R<L ..............(iv)

अर्थात L सबसे लंबा है

समी. (i), (ii), (iii), (iv) को मिलाने पर

Q<P<N<M<R<L

अत: L सबसे लंबा तथा Q सबसे छोटा होगा।

3. A, B, C और D आरोही क्रम में हैं। D, B और E अवरोही क्रम में हैं। बताइए निम्न में से कौन या तो आरोही या अवरोही क्रम में है?

(a) A, E और C (b) A, D और C

(c) D, B और C (d) E, B और C

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

प्रश्नानुसार

A<B<C<D..................(i) (आरोही क्रम में)

तथा D>B>E ................(ii) (अवरोही क्रम में)

समी. (i) एवं (ii) से स्पष्ट है E<B<C (आरोही क्रम में) होगा।

4. A, B, C, D और E पांच नदियां हैं। A, B की अपेक्षा छोटी है परंतु E से बड़ी है। C सबसे बड़ी है। यदि D, B से कुछ छोटी और A से कुछ बड़ी हो, तो बताइए सबसे छोटी नदी कौन-सी है?

(a) E (b) A

(c) D (d) B

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

B>A>E .....(i)

C सबसे बड़ी है

B>D>A .....(ii)

(i) और (ii) से

C>B>D>A>E

अत: E सबसे छोटी नदी है।

5. चार बहनें सुनीता, पुनीता, विनीता व जूली हैं। सभी की उम्र भिन्न है। सुनीता सिर्फ पुनीता से छोटी है। विनीता जूली से छोटी है। चारों में सबसे छोटा कौन है?

(a) सुनीता (b) विनीता

(c) जूली (d) पुनीता

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

प्रश्नानुसार,
सुनीता < पुनीता (सिर्फ पुनीता से छोटी है)
जूली > विनीता
अर्थात, पुनीता > सुनीता > जूली > विनीता
अत: स्पष्ट है कि विनीता सबसे छोटी है।

**6. A, B से लंबा है। D, C से छोटा किंतु E से लंबा है। ऊंचाई को ध्यान में रखें, तो केवल D ही A तथा B के मध्य है। कौन सर्वाधिक लंबा है?**

(a) A (b) B
(c) C (d) D

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(c)**

प्रश्नानुसार
A>B
E<D<C
या C>D>E
तथा A>D>B (केवल D ही AB के मध्य है)
इस प्रकार स्पष्ट है
A से बड़ा 'C' होगा
अर्थात
C>A>D>B>E
अत: 'C' सबसे लंबा होगा।

**7. अंजु, प्रीति से छोटी है। मोहन और जयंत, प्रीति से बड़े हैं परंतु सुधा से छोटे हैं, जो श्रीधर के उम्र के ही बराबर हैं। अतः श्रीधर है -**

(a) अंजु से बड़ा
(b) अंजु से छोटा
(c) मोहन से छोटा
(d) प्रीति से छोटा

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(a)**

प्रश्नानुसार सभी को क्रम से व्यवस्थित करने पर
अंजु < प्रीति ................................ (i)
प्रीति < मोहन और जयंत < सुधा ...... (ii)
सुधा = श्रीधर ................................ (iii)
समी. (i), (ii) तथा (iii) से, अंजु < प्रीति < मोहन और जयंत < सुधा = श्रीधर
स्पष्ट है कि श्रीधर, अंजु, प्रीति, मोहन और जयंत से बड़ा है।

**8. आम के पेड़ और नारियल के पेड़ की ऊंचाई एकसमान है। केले का पेड़, ताड़ के पेड़ से छोटा है। अमरूद का पेड़ केले के पेड़ से छोटा है पर आम के पेड़ से ऊंचा है। कौन-सा पेड़ सबसे ऊंचा है?**

(a) ताड़ (b) आम
(c) केला (d) नारियल

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**
**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

प्रश्नानुसार
आम = नारियल
केले < ताड़
अमरूद < केले और आम < अमरूद
इस प्रकार सभी पेड़ों का उचित क्रम निम्नवत होगा
नारियल = आम < अमरूद < केला < ताड़
स्पष्ट है ताड़ का पेड़ सबसे ऊंचा है।

**9. T, S, V और W चार बैग हैं, जिनमें प्रत्येक का वजन अलग है। बैग T, केवल S से हल्का है। V, W से हल्का है और W, T से हल्का है। चार बैगों में से कौन-सा बैग सबसे हल्का है?**

(a) V (b) S
(c) W (d) T

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**

T केवल S से हल्का है = S > T ............ (i)
V, W से हल्का है = W > V ............ (ii)
W, T से हल्का है = T > W ............ (iii)
समी. (i), (ii) तथा (iii) से
S > T > W > V
अत: बैग V सबसे हल्का है।


**10. एक गोल टेबल के गिर्द नियमित रूप से रखी गई छह कुर्सियों पर A, B, C, D, E और F अनिवार्यतः उसी क्रम नहीं बैठे हैं। यह पाया जाता है कि A बीच में है D और F के, C विपरीत है D के, D और E पड़ोसी कुर्सियां नहीं हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य होना चाहिए?**

(a) A, B के विपरीत है (b) D, E के विपरीत है
(c) C और B पड़ोसी हैं (d) B और E पड़ोसी हैं

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर–(d)**

प्रश्नानुसार A, B, C, D, E एवं F को बैठाने पर




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि B और E पड़ोसी हैं। अत: विकल्प (d) सही है।

**11. चार छात्राएं एक चौकोर मेज के चारों तरफ बैठी हैं। मंजू, अंजू के दाईं ओर बैठी है तथा वीना, कमला के बाईं ओर बैठी है। कौन-सी दो छात्राएं आमने-सामने बैठी हैं जबकि कमला, अंजू के बाईं ओर है।**

(a) वीना और मंजू

(b) मंजू और अंजू


(c) कमला और वीना

(d) मंजू और कमला

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(d)**

प्रश्नानुसार




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि मंजू और कमला आमने-सामने बैठी हैं।

**12. पांच व्यक्ति A, B, C, D और E एक गोल मेज के चारों ओर बैठे हैं। प्रत्येक कुर्सी सन्निकट कुर्सियों से समान दूरी पर स्थित है।**

(1) C, A के तुरंत बाद बैठा है।

(2) A, D से दो कुर्सी आगे बैठा है।

(3) B, A के तुरंत बाद नहीं बैठा है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा/से अवश्य सत्य है/हैं?**

**(i) D, B के तुरंत बाद बैठा है।**

**(ii) A, E के तुरंत बाद बैठा है।**


**कूट**

(a) केवल (i) (b) केवल (ii)

(c) (i) और (ii) दोनों (d) न तो (i) और न ही (ii)

**सहा.लेखाकार व लेखा परीक्षक (सा.च.) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**




स्पष्ट है D, B के तुरंत बाद बैठा है तथा E, A के तुरंत बाद बैठा है। अत: विकल्प (i) और (ii) दोनों सत्य हैं।

**13. निम्नलिखित शब्दों को एक तर्कसंगत क्रम में लगाएं–**

(1) सोना (2) रेत

(3) लोहा (4) प्लेटिनम

(5) हीरा

(a) 5, 1, 4, 2, 3 (b) 2, 3, 1, 5, 4

(c) 1, 5, 4, 2, 3 (d) 3, 4, 5, 2, 1

**UPSSSC आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(b)**

यदि प्रकृति में उपलब्धता और मूल्य को दृष्टि में रखकर क्रम निर्धारित करें तो रेत, लोहा, सोना, हीरा, प्लेटिनम को रखा जा सकता है, अत: 2, 3, 1, 5, 4 क्रम सही होगा।


**14. छात्रों की एक पंक्ति में राम बाएं से 10वें तथा श्याम दाएं से 5वें स्थान पर है। जब राम एवं श्याम अपने स्थान आपस में बदल लेते हैं, तो राम बाएं से 15वें स्थान पर हो जाता है। बताएं स्थान परिवर्तन के बाद श्याम दाएं से कौन-से स्थान पर होगा?**

(a) 10वें (b) 11वें

(c) 12वें (d) 13वें

**UPSSSC आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(a)**




स्थान परिवर्तन के बाद राम बाएं से 15वें स्थान पर हो जाता है। स्पष्ट है पंक्ति में कुल 19 छात्र हैं तथा स्थान परिवर्तन के बाद श्याम दाएं से 10वें स्थान पर होगा।

**15.** छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F तीन व्यक्ति प्रति पंक्ति के अनुसार दो पंक्तियों में बैठे हैं। E किसी भी पंक्ति के अंत में नहीं है। D, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। C, E का पड़ोसी है और D के विकर्णवत सम्मुख है। B, F का पड़ोसी है। उपरोक्त सूचना के आधार पर B के सम्मुख कौन है?


(a) D (b) F

(c) A (d) E

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार छह व्यक्तियों को दो पंक्तियों में बैठने का क्रम




उपर्युक्त दोनों की स्थितियों से स्पष्ट है कि B के सम्मुख E होगा।

**16.** यदि '351462987' संख्या को आरोही क्रम में पुनः व्यवस्थित किया जाए, तो कितने ऐसे अंक होंगे जिनका स्थान अपरिवर्तित ही रहेगा—

(a) कोई नहीं (b) एक

(c) दो (d) तीन

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(c)**

दी गई संख्या 3 5 1 4 6 2 9 8 7

अब आरोही क्रम में, 1 2 3 (4) 5 6 7 (8) 9

स्पष्ट है कि 4 एवं 8 के स्थान अपरिवर्तित है।

अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर होगा।


**17.** 17 बोगी वाली अंदर से जुड़ी एक ट्रेन के बीच के डिब्बे में एक खोनचेवाला है। वह 6 डिब्बे पीछे आकर अगले स्टेशन पर उतर जाता है। अब वह इंजन से लगे तीसरे डिब्बे में चढ़ जाता है। वह अपने पहले स्थान से कितने डिब्बे दूर है?

(a) 6 (b) 5

(c) 8 (d) 3

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**




स्पष्ट है खोनचेवाला अपने पहले स्थान अर्थात मध्य के डिब्बे से 5 डिब्बा दूर है।

**18.** वर्णमाला ABCDEFGHIJKLMNOPQRSTUVWXYZ में बाएं से सोलहवें अक्षर के दाहिने में छठां अक्षर कौन-सा है?

(a) F (b) Q

(c) U (d) V

**UPSSSC सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I(सामान्य चयन) परीक्षा,2016**

**उत्तर—(d)**

दी गई वर्णमाला ABCDEFGHIJKLMNO PQRSTUVWXYZ

स्पष्ट है कि बाएं से सोलहवें अक्षर P के दाहिने में छठां अक्षर अर्थात बाएं से 22वां अक्षर 'V' है।

**19.** Q9K#P@3ENSAC*G©UM7FIV%4Z8Y

यदि उपर्युक्त व्यवस्था में से सारी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो इनमें से कौन-सा दाहिने अंत से सत्रहवें स्थान पर होगा?

(a) @ (b) E

(c) P (d) I

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(a)**

प्रश्नानुसार

यदि दी गई व्यवस्था में से सारी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो नई व्यवस्था कुछ इस प्रकार होगी-

बायां→ ←दायां

QK # P @ ENSAC * G© UMFIV%ZY

→17←

अतः स्पष्ट है की दाहिने अंत से सत्रहवें स्थान पर @ होगा।

**20.** प्रेक्षणों के एक सेट

13, 6, 31, 25, 20, 39, 15, 36 में, यदि Y (13) = 7, Y (20) = 5 तथा Y (36) = 2 हो, तो Y (25) है-

(a) 4 (b) 10

(c) 8 (d) 6

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(a)**

दिए गए प्रेक्षणों के सेट को अवरोही क्रम में रखने पर-
बायां                                  दायां
39, 36, 31, 25, 20, 15, 13, 6
∴ बायां से 13 का स्थान 7 वां
∴ बायां से 20 का स्थान 5 वां
∴ बायां से 36 का स्थान 2 (दूसरा)
इसी प्रकार बायां से 25 का स्थान 4 (चौथा) होगा।

**21. निम्न शृखंला में, ऐसे कितने $ हैं जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है तथा ठीक पहले एक सम संख्या है?**

53 ÷ $ ? 67 4$ ? @ 2$5 × + ? ÷ 47 ? $ 4 $ ?

(a) शून्य  (b) चार
(c) तीन  (d) दो

**UPSSSC आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**

53 ÷ $?67 4$? @2$5×+?÷ 47?$ 4 $?
अतः स्पष्ट है कि ऐसे दो $ हैं जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है तथा ठीक पहले एक सम संख्या है।

**22. नितिन का स्थान कक्षा में 10वां ऊपर से तथा 28वां नीचे से आया है। कक्षा में कितने छात्र हैं?**

(a) 37  (b) 38
(c) 39  (d) 40

**UPSSSC सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

कक्षा में छात्रों की संख्या $= (10+28)-1$
$= 38-1$
$= 37$

**23. किसी पंक्ति में 'X' प्रारंभ से 14वें स्थान पर है और 'Y' अंत से 17वें स्थान पर है, जबकि 'Z', 'X' और 'Y' के ठीक मध्य में है। यदि पंक्ति में कुल 48 व्यक्ति हैं, तो 'X' और 'Z' के बीच कितने व्यक्ति हैं?**

(a) 6  (b) 7
(c) 8  (d) 9


**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016**

**उत्तर–(c)**

प्रश्नानुसार




X और Y के बीच में व्यक्तियों की संख्या
$= 48-(14+17)$
$= 48-31 = 17$ व्यक्ति
यदि Z, X और Y के बीचों-बीच बैठा है
तो





X और Z के बीच व्यक्तियों की संख्या
$= 8$ व्यक्ति
अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**24. कुछ पुस्तकें एक पंक्ति में लगी हैं। दाईं ओर से 21वीं पुस्तक और बाईं ओर से 28वीं पुस्तक के बीच 5 पुस्तकें हैं। पुस्तकों की कुल संख्या 42 से अधिक हैं। पुस्तकों की कुल संख्या ज्ञात करें।**

(a) 44  (b) 49
(c) 52  (d) 54

**UPSSSC अमीन परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(d)**





इस प्रकार पंक्ति में पुस्तकों की संख्या $= 28+21+5$
$= 54$

**25. एक कतार में सैंतीस बच्चे दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके खड़े हैं। 'R', 'T' के दाहिने आठवें स्थान पर है, जो 'D' के बाएं चौदहवें स्थान पर है। उस पंक्ति में 'D' और 'R' के बीच कितने बच्चे हैं?**

(a) 4  (b) 5
(c) 8  (d) आंकड़े अपर्याप्त

**UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016**

**उत्तर—(b)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि D तथा R के मध्य 5 बच्चे बैठे हैं।